दिनांक : 02.01.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री-ओएनडीसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क-ओ.एन.डी.सी. ने छोटे व्यापारियों के सशक्तिकरण और ई-कॉमर्स के क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बढ़ोतरी और खुशहाली बढ़ाने में ओएनडीसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने ओएनडीसी की शुरुआत भारत में ई-कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से 2021 में की थी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में इसने असंख्य उपलब्धियां हासिल की है और अपने नेटवर्क पर एक समान मंच का निर्माण करके व्यापारियों, विशेष रूप से लघु उद्यमियों के सशक्तिकरण में मदद की है।

सीएम प्रेस कॉन्फ्रेंस

भोपाल के यूनियन कार्बाइड में हुए गैस लीक कांड के 40 साल बाद जहरीले कचरा निष्पादन के लिए पीथमपुर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि सरकार ने संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेकर भोपाल से 358 टन जहरीले कचरे को हटाया हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह के रासायनिक का प्रभाव 25 साल में खत्म हो जाता है। घटना को चालीस साल हो गए है इसीलिए डरने की जरूरत नहीं है।

बिहार-केरल : राज्यपाल शपथ

बिहार में नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज राज्य के 42वें राज्यपाल के रूप में पद की शपथ ली। पटना के राजभवन में आयोजित एक समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

उधर बिहार के पूर्व राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज केरल के 23वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नितिन मधुकर जामधर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

युवा दिवस

स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रदेश में इस मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात: 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाए।

कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

राष्ट्रीय शालेय खेल

भोपाल के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज से 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह इसके शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रतियोगिता 7 जनवरी तक चलेगी, जिसमें हॉकी अंडर-14 बालक और शूटिंग अंडर-14-19 बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे।

समाचार संक्षेप में -----

- शिवपुरी की कोतवाली पुलिस ने कल दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की 14 बाइकें बरामद की हैं। बरामद की गईं बाइकों की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है।
- शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आगरमालवा जिले में 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित किये जा रहे परिवेदना शिविर में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त कर सबंधित शाखा को निराकरण हेतु भेजे जा रहे है।
- खण्डवा में आज सुबह 11 बजे से रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेलों का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. खण्डवा में शाम 4 बजे हो रहा है । जिसमें प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी और गैर तकनीकी क्षेत्र में 300 बेरोजगारों की भर्ती की जायेगी।
- झाबुआ के राणापुर नगर में सट्टा पर्ची पर सट्टा लिखते कल 3 लोगो को पकड़ा गया है। दो अलग-अलग प्रकरणों में 6 सट्टा पर्ची के साथ 4 हजार 4 सौ 70 रूपए जप्त किए गए है ।

- पन्ना के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित एक निज निवास पर वन विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से संग्रहित इमारती सागौन लकड़ी जप्त कर वन अपराध का प्रकरण दर्ज किया गया है।

....